# FROM No.III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत.................................................मुकाम.................................................

मोहम्मद खाँ..................बनाम.......मियल खाँ वगैरह

किस्म मुकदमा..रा० आवेदन 111,128 RLR Act........नं........261........सन्......2019......

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 7.8.19 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री ....चूनाराम.... ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा ....111, 128 RLR.... राजस्थान काश्तकारी/भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक ....30/9/19.... को पेश हो। <br> सहायक कलक्टर (SDO) <br> बायतु <br> जिला – | |
| 30/09/19 | प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगणों को नोटिस तामील फरद तामील अप्राप्त / इल्तवा होकर पत्रावली दिनांक 30/10/19 को पेश हो। | |
| 30/10/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय फरीकान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 24/12/19 को पेश हो। | |
| 24/12/19 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय फरीकान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 17/02/2020 को पेश हो। | |
| 17/02/20 | पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय फरीकान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 19/05/2020 को पेश हो। | |

हुक्म

19/05/2020 पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यो में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 07/10/2020 को पेश हों।

07/10/2020 पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यो में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 15/03/2021 को पेश हों।

15/03/2021 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगण अनु० / श्रीमान पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त होने से मिसल ईल्तवा होकर आगामी दिनांक 11/08/2021 को पेश हो।

11/08/2021 पत्रावली पेश हुई वकुलाय फरिकेन उपस्थित पीठासीन अधिकारी का पद रिक्त है अतः पत्रावली इल्तवा होकर दिनांक 06/10/2021 को पेश हो।

06/10/2021 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगणो के नोटिस तामिल शुदा प्राप्त जिसे शामिल पत्रावली किया गया। श्रीमान पीठासीन अधिकारी प्रशासन गावों के संग अभियान-2021 कैम्पों में व्यस्त होने से मिसल ईल्तवा होकर आगामी दिनांक 25/05/2022 को पेश हो।

25/05/2022 प्रार्थी वकील उपस्थित / विप्रार्थीगणो के नोटिस तामिल शुदा प्राप्त जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विप्रार्थीगण बावजूद तामिल अनुपस्थित / न्यायालय समय तीन बार आवाज लगाई गई, अंतिम आवाज 5:45 PM पर लगाई गई, विप्रार्थीगण स्वयं

सहायक कलक्टर (SDC)
बायतु
जिला – बाड़मेर

| ..रीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| | मे उनकी ओर से कोई हाजिर/उपस्थित नहीं हुआ। लिहाजा विप्रार्थीगणों के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। अतः वास्ते बहस पत्रावली दिनांक 30/05/2022 को पेश हो। Sd/-<br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु<br>जिला – बाड़मेर | |
| 30/05/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित। विप्रार्थीगणों के नोटिस तामील अदम तामील प्राप्त। प्रार्थी वकील बहस आईन्दा करना चाहते है। पत्रावली इन्तजार होकर दिनांक 23/06/2022 को पेश हो। Sd/-<br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु<br>जिला – बाड़मेर | |
| 23/06/2022 | प्रार्थी वकील उपस्थित/ विप्रार्थीगण बावजुद तामिल अनुपस्थित/ प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खातेदारी खेत सेढ़ा सेढ़ आए हुए है। प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के खेत की सीमाओं पर पुरानी माढे एवं कणे बने हुए थे जो वर्तमान में आंधियों की वजह से बिखर गए है जिससे प्रार्थी एवं विप्रार्थीगणों के बीच खेत की सीमाओं को लेकर हमेशा विवाद बना रहता है इस कारण प्रार्थी को अपने खेत की सीमाओं का सही ज्ञान करवाने बाबत नेखमबंदी करवानी आवश्यक है इसलिए प्रार्थी के नेखमबंदी आवेदन को स्वीकार किया जाकर नेखमबंदी आदेश किया जावें।<br><br>अतः प्रार्थी अधिवक्ता के निवेदन पर प्रार्थी का नेखमबंदी आवेदन स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गिड़ा को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दियां जाता है कि आप स्वंय या अपने अधीनस्थः भू. अ. निरीक्षक से प्रार्थी के खातेदारी खेतों की पक्की नेखमबंदी मौके पर कमीशनर शुल्क जमा कराकर करें। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली हो, पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो। Sd/-<br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु<br>जिला – बाड़मेर | |

राजस्थान–सरकार

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बायतु, जिला बाड़मेर

क्रमांक : वाद / 2022 / 1051 दिनांक : 23/06/2022

| प्रार्थी | बनाम | विप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| 1. मोहम्मदखा पुत्र रिड़मलखा वगैरा 04,<br>जाति मुलसमान, निवासी फतेनगर,<br>पटवार मण्डल जाजवा,<br>तहसील गिड़ा (बाड़मेर) | | 1. मीयलखा पुत्र अदरीमखा वगैरा 21,<br>जाति मुसलमान, निवासी फतेनगर,<br>पटवार मण्डल जाजवा,<br>तहसील गिड़ा (बाड़मेर) |

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956**

**राजस्व आवेदन संख्या – 261 / 2019**

## आदेश

प्रार्थीगण के खातेदारी खेत मौजा – फतेनगर, पटवार मण्डल – जाजवा, तहसील – गिड़ा, जिला– बाड़मेर के खेत खसरा नं. 399 / 271 रकबा 72.00 बीघा भूमि का साधारण सीमाज्ञान करने में राजस्व पटवारी विफल रहें एवं सीमा को लेकर मौके पर तनाजा है। खातेदार को यह अधिकारी है कि वह अपने खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान / नेखमबंदी करा सकता है। लिहाजा प्रार्थीगण का आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार गिड़ा को कमीशनर नियुक्त किया जाकर आदेश दिया जाता है कि कमिशनर स्वंय या सहायक कमिशनर से प्रार्थीगण के खातेदारी खेंतो की पक्की नेखमबंदी मौके पर निर्धारित कमिशनीर शुल्क 500 /– जमा कराकर करें तथा पालना रिपोर्ट पेश करें। अपेक्षित होने पर संबधित थानाधिकारी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

सहायक कलक्टर (SDO)
(जगदीश सिंह आशिया)
उपखण्ड अधिकारी बायतु
दिनांक : 23/06/2022

क्रमांक : वाद / 2022 / 1052 – 56

**प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।**

1. तहसीलदार गिड़ा
2. पटवारी हल्का जाजवा को भेजकर लेख है कि निर्धारित तारीख को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबंदी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. प्रार्थी श्री मोहम्मदखा पुत्र रिड़मलखा वगैरा 04,
4. विप्रार्थी श्री मीयलखा पुत्र अदरीमखा वगैरा 21,
5. पुलिस थानाधिकारी बायतु / गिड़ा / नागाणा।

सहायक कलक्टर (SDO)
बायतु
उपखण्ड अधिकारी बायतु
जिला – बाड़मेर